सुनवाई | पुलिस अधीक्षक ने शिकायतों के त्वरित व निष्पक्ष निराकरण के दिए निर्देश

# जनसुनवाई कर सुनी आमजन की समस्याएं

**नवभारत,पथरिया/दमोह.** पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगि (आईपीएस) द्वारा मंगलवार को थाना पथरिया में जनसुनवाई शिविर आयोजित कर क्षेत्र के नागरिकों की समस्याएं व शिकायतें सुनी गईं. जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की शिकायतों का त्वरित निराकरण कर पुलिस व जनता के बीच बेहतर संवाद व विश्वास स्थापित करना रहा. पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने पथरिया अनुभाग के नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं व शिकायतों को गंभीरता से सुना.जनसुनवाई शिविर में एसडीएम निकेत चौरसिया,एसडीओपी पथरिया सुश्री प्रिया सिंधी, थाना प्रभारी पथरिया नेहा गोस्वामी,शिकायत शाखा प्रभारी अंजलि अगिनहोत्री,जेरठ चौकी प्रभारी गौपाल सिंह सहित पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी



उपस्थित रहे.नागरिकों द्वारा भूमि विवाद,पारिवारिक विवाद, आपराधिक मामलों, कानून व्यवस्था व अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत की गईं. पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक आवेदन व शिकायत का व्यक्तिगत रूप से अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष व विधिसम्मत निराकरण हेतु संबंधित थाना प्रभारियों व अधिकारियों को निर्देश दिए. गए.शिकायतकर्ताओं को उनकी शिकायतों पर की गई कार्रवाई व प्रगति की जानकारी नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए.पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत कर आमजन को अनावश्यक परेशानियों से राहत प्रदान की जाए.

### पुलिस की प्राथमिकता प्रत्येक नागरिक की समस्या पर कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) ने कहा कि पुलिस व आमजन के बीच विश्वास और समन्वय को मजबूत करना दमोह पुलिस की प्राथमिकता है.प्रत्येक नागरिक की समस्या का संवेदनशीलता व निष्पक्षता के साथ निराकरण किया जाएगा तथा पात्र मामलों में शीघ्र न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाएगी.साथ ही आमजन से अपील की कि किसी भी समस्या अथवा शिकायत की स्थिति में पुलिस से संपर्क करें तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें.

**इनका कहना है**

कई लोग सीधा मेरे कार्यालय दमोह नहीं आ पाते,उसी के चलते पथरिया में जनसुनवाई शिविर लगाया गया.जिसमें लगभग 60 से 70 आवेदन प्राप्त हुए है.जिसमें कई मामले पथरिया थाना,राजस्व और नगरीय निकाय के है.इसमें मेरे द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को जोड़ा गया व उनसे साथ कॉर्डिनेशन कर उनका निराकरण किया जा रहा है.

**आनंद कलादगि**
**पुलिस अधीक्षक दमोह**



## एएसपी,सीएसपी ने सुनीं समस्याएं

**नवभारत,दमोह।** प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई पुलिस अधीक्षक कार्यालय दमोह में आयोजित की गई.जनसुनवाई में जिले भर से आए आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया.अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, सीएसपी एचआर पांडे, टीआई फेमिदा खान, साइबर सेल के अधिकारियों सहित अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी जनसुनवाई में मौजूद रहे.अधिकारियों ने फरियादियों की जमीन विवाद, घरेलू हिंसा,धोखाधड़ी,साइबर क्राइम और पुलिस से जुड़ी अन्य शिकायतों को सुना.संबंधित थाना प्रभारियों को तत्काल कार्रवाई कर समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए.जनसुनवाई में कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया. अधिकारियों ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य आमजन को त्वरित न्याय दिलाना है.हर शिकायत पर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी.

## एसई ने किया हिंडोरिया वितरण केंद्र का औचक निरीक्षण



**विद्युत व्यवस्था सुधार और शिकायतों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश**

**नवभारत,दमोह.**दमोह वृत्त के अधीक्षण अभियंता अमित चौहान ने मंगलवार को वितरण केंद्र हिंडोरिया का औचक निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र प्रभारी कनिष्ठ अभियंता प्रदीप सिंह परिहार को विद्युत व्यवस्था सुधार को लेकर अहम निर्देश दिए. एसई चौहान ने क्षेत्र में विद्युत सप्लाई को सुदृढ़ व निर्बाध बनाए रखने पर विशेष जोर दिया.उन्होंने समाधान योजना का प्रभावी व समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.निरीक्षण के दौरान राजस्व संग्रहण बढ़ाने, लंबित बकाया वसूली में तेजी लाने तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित समाधान करने पर बल दिया गया. कार्यालय की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव व कार्यप्रणाली में सुधार के भी निर्देश दिए गए.एसई ने कहा कि बारिश से पहले लाइन का मेंटेनेंस कराया जाए.24 घंटे घरेलू कनेक्शन में और सिंचाई पंप फीडर में 10 घंटे विद्युत सप्लाई सुनिश्चित की जाए. प्रत्येक मंगलवार को जनसमस्या निवारण शिविर लगाकर सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को चेक कर उपभोक्ताओं को संतुष्ट किया जाए. कनिष्ठ अभियंता प्रदीप परिहार को इन सभी बिंदुओं पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए.

# कलेक्ट्रेट में 293 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 (व्यारमा) में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 293 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 15 आधार अपडेशन किये गये। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, डिप्टी कलेक्टर आर.एल बागरी, डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति,



लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### ऊर्जा विभाग के कार्यालयो में आयोजित हुई जनसुनवाई

ऊर्जा विभाग की मंशानुसार 09 जून को म.प्र. पूर्व क्षेत्र वि.वि.क.लि. के अधीक्षण अभियंता अमित चौहान के निर्देशन में बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु वृत्त कार्यालय दमोह के साथ-साथ संभागीय कार्यालयों, उपसंभाग एवं प्रत्येक वितरण केन्द्र कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 139 नं. आवेदन उपभोक्ताओं से प्राप्त हुए। जिनपर त्वरित कार्यवाही करते हुये 105 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

## रोजगार मेले का आयोजन 50 युवाओं का चयन

**नवभारत,दमोह.** दमोह आजीविका भवन प्रांगण में प्रदान संस्था एवं मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में एक रोजगार मेले का आयोजन आज 8 जून 2026 को किया गया। रोजगार मेले में ट्राइडेंट टेक्सटाइल कंपनी को आमंत्रित किया गया, जिसमें विभिन्न रिक्त पदों हेतु भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराई गई।रोजगार मेले के लिए प्रदान संस्था एवं आजीविका मिशन द्वारा व्यापक स्तर पर युवाओं का मोबिलाइजेशन किया गया, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 150 से अधिक युवाओं ने सहभागिता की। कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभागियों को कंपनी की कार्यप्रणाली, रोजगार अवसरों एवं चयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। दस्तावेज सत्यापन व साक्षात्कार उपरांत लगभग 50 युवाओं का चयन किया गया।

# फुटकर व्यापारियों द्वारा उधार दबाने से थोक व्यापारी परेशान

**एसपी से की कार्रवाई की मांग**

**टोपी लाइन का व्यापारी 20 लाख लेकर फरार**



**नवभारत,दमोह।** दमोह थोक रेडीमेड व्यापारी संघ ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर फुटकर व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.

थोक व्यापारियों का आरोप है कि फुटकर व्यापारी उधार माल लेकर पैसे वापस नहीं करते और मांगने पर एफआईआर दर्ज कराने की धमकी देते हैं.संघ के अध्यक्ष सतीश कुमार जैन ने बताया कि रोजाना ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है. इससे व्यापार पर बुरा असर पड़ रहा है. हाल ही में टोपी लाइन का एक व्यापारी रातों-रात दुकान बंद कर भाग गया है. उसके भागने से कई थोक व्यापारियों की करीब 15-20 लाख रुपए की रकम डूब गई है.थोक व्यापारियों ने एसपी और टीआई को आवेदन देकर ऐसे व्यापारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है.उन्होंने कहा कि झूठे मुकदमे की धमकी से व्यापारी वर्ग भयभीत है.इस दौरान महामंत्री इंद्रजीत अरोरा, जितेंद्र जैन, अमित जैन, बबलू जैन, नितेश पाहवा,अशरफ खान,दिलीप संगतानी सहित संघ के सभी पदाधिकारी और व्यापारी मौजूद रहे.व्यापारियों ने प्रशासन से सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई है.

## आमजन से सूचना देने की अपील

**नवभारत,दमोह।** जिले में अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) के निर्देशन में विशेष अभियान ऑपरेशन क्लीन लगातार चलाया जा रहा है.इस अभियान के तहत अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थ तथा अवैध सट्टा गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है. जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा संदिग्ध गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है.पुलिस द्वारा अवैध कारोबार में लिप्त लोगों की धरपकड़ कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है.





## आरक्षक से प्रधान आरक्षक बने जवानों को दी बधाई

**नवभारत, दमोह।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय दमोह में मंगलवार को पदोन्नति अलंकरण समारोह आयोजित किया गया.इस दौरान पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस),एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया, सीएसपी एचआर पांडे, डीएसपी देवीसिंह ने आरक्षक से प्रधान आरक्षक पद पर पदोन्नत हुए पुलिसकर्मियों को लाल-नीली फित्ती लगाकर बधाई दी.एसपी आनंद कलादगि ने पदोन्नत हुए जवानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पदोन्नति के साथ जिम्मेदारी भी बढ़ती है।सभी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से जनता की सेवा करें।एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया ने भी जवानों को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की.इस अवसर पर पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे.

### पुलिस अधीक्षक ने किया पदोन्नति अलंकरण

दमोह पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने पथरिया थाना में पदस्थ आरक्षक क्रमांक 11 दिनेश कुर्मी व आरक्षक क्रमांक 159 शैलेन्द्र शुक्ला को पदोन्नति उपरांत अलंकरण कर शुभकामनाएं दीं.

## रेत का ओवरलोड परिवहन करते डम्पर जब्त

**नवभारत,दमोह.** जिले में कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है. 9 जून 2026 को शाम करीब 6रू45 बजे तहसील पटेरा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान खनिज अधिकारी राजेंद्र कमलेश ने हटा रोड पटेरा पर डम्पर क्रमांक सीजी 04 एनटी 5024 को रेत का ओवरलोड परिवहन करते पकड़ा. डम्पर को जब्त कर पुलिस थाना पटेरा में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है.अधिकारी ने बताया कि उक्त प्रकरण में खनिज नियमों के तहत कार्रवाई प्रस्तावित कर प्रकरण निराकरण हेतु कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा.जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिए कार्रवाई सतत जारी रहेगी.

# सांसद लोधी ने प्रमुख प्रबुद्ध जनों से किया संवाद

**नवभारत,दमोह.**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल व जनकल्याणकारी 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत दमोह संसदीय क्षेत्र से सांसद राहुल सिंह लोधी द्वारा दमोह विधानसभा क्षेत्र के दमयंती नगर व दीनदयाल नगर मंडल में प्रबुद्धजनों से संपर्क व संवाद किया.

कार्यक्रम के दौरान दमोह सांसद व भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाले प्रबुद्धजनों के निवास पर पहुंचकर उन्हें शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं, विकास कार्यों व राष्ट्र निर्माण के संकल्पों पर विस्तार से चर्चा की. इस अवसर पर जिन प्रबुद्धजनों का



सम्मान कर उनसे संवाद किया गया, उनमें सेवानिवृत्त शिक्षक एवं वर्ष 2011 में राज्यपाल तथा 2013 में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित बी.एल.रोहित, साहित्यकार व वर्ष 2024 में बाल साहित्य पुरस्कार से सम्मानित डॉ. प्रेमलता नीलम, भारतीय शास्त्रीय संगीत व गायन क्षेत्र में वर्ष 2002-03 में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित श्रीमती अरुणा उज्जैनकर,वरिष्ठ शिक्षक व कवि तथा वर्ष 1992 में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पं.श्यामसुंदर शुक्ल, वरिष्ठ चिकित्सक व समाजसेवी डॉ. सुदेश जैन तथा वरिष्ठ कथावाचक व समाजसेवी पं.चंद्रगोपाल पौराणिक कथावाचक व संगीत गायन कलाकार- पंडित दयाराम पौराणिक,रिटायर्ड शिक्षक विश्वनाथ सिंह पवार जसवंत सिंह राजपूत (वरिष्ठ बीड़ी ठेकेदार) से मिले और उनसे संवाद किया.संवाद के दौरान प्रबुद्धजनों ने केंद्र सरकार के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत संरचना व आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई दिशा देने वाले प्रयासों की सराहना की.


भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने वैश्विक स्तर पर नई पहचान स्थापित की है. तथा जनकल्याण और सुशासन के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं.



## 6 साल की मासूम के लिए फरिश्ता बने आमिर खान, किया रक्तदान

**नवभारत,दमोह।** जिला अस्पताल में इलाजरत 6 वर्षीय बेसहारा मासूम मौली बंसल को ब्लड की अति आवश्यकता पड़ने पर सीएमएचओ ऑफिस में पदस्थ आमिर खान ने मानवता की मिसाल पेश की. सूचना मिलते ही वे तत्काल अस्पताल पहुंचे और रक्तदान कर मासूम की जान बचाने में मदद की. जागरूक युवा को मासूम को ब्लड की जरूरत की जानकारी लगी थी. उन्होंने तत्काल सोशल मीडिया के माध्यम से अपील की, जिसके बाद आमिर खान आगे आए और बिना देर किए रक्तदान किया.रक्त मिलने के बाद बच्ची के परिजनों ने आमिर खान और नवभारत ब्यूरो का धन्यवाद ज्ञापित किया.यह घटना बताती है कि एक छोटी सी पहल और समय पर किया गया रक्तदान किसी मासूम की जिंदगी बचा सकता है.


### एक नजर में



### कृषि रथ पहुंचा हिंडोरिया,किसानों को दी जानकारी

**नवभारत,दमोह.** कृषि विभाग द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को कृषि रथ विकासखंड दमोह के नगर परिषद हिंडोरिया और ग्राम पंचायत खामखेड़ा पहुंचा.कृषि विस्तार अधिकारी शिवांशु गुप्ता व इफ्को के देवी सिंह ने किसानों को ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत ई-टोकन के माध्यम से खाद व उर्वरक वितरण की जानकारी दी. साथ ही जैविक व प्राकृतिक खेती,मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व, फसल विविधीकरण और नरवाई प्रबंधन के बारे में बताया.अधिकारियों ने संतुलित उर्वरकों के उपयोग पर जोर दिया और विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी किसानों को दी.इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे. कृषि रथ के माध्यम से किसानों को खेती की नई तकनीक और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया.

### हमें धर्म का दिखावा नहीं करना चाहिए : श्याम सुन्दर



**कुम्हारी ।** भगवत कथा का आयोजन चल रहा वाचक पंडित वैदिक श्यामसुन्दर महराज के सानिध्य मे गांव बिछिया जवारी माँ शारदा के पावन धाम मे रसपान चल रहा ग्राम वासी धर्म लाभ अर्जित कर रहे वही कथा मे नारद जी सनत कुमारों को अपने पूर्व जन्म की कथा सुनाते हैं। वे बताते हैं कि कैसे पूर्व जन्म में वे एक दासी के पुत्र थे, संतों की संगति से उन्हें भक्ति प्राप्त हुई और अगले जन्म में वे देवर्षि नारद बने।भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का प्रसंग कथा में बताया गया है कि ज्ञान और वैराग्य जब वृद्धावस्था में जीर्ण-शीर्ण हो गए थे, तब 'भक्ति' ने ही उन्हें पुनर्जीवित और युवा बनाया था।सृष्टि की रचना ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि का विस्तार और विभिन्न लोकों की रचना का वर्णन।वराह अवतार पृथ्वी को रसातल से बचाने के लिए भगवान विष्णु के वराह रूप धारण करने की कथा।कपिल मुनि और देवहूति संवाद कपिल भगवान द्वारा अपनी माता देवहूति को सांख्य योग का ज्ञान देना और मोक्ष का मार्ग बताना।दूसरे दिन का मुख्य संदेश यह होता है कि ईश्वर की प्राप्ति के लिए सांसारिक मोह-माया को त्याग कर सच्ची भक्ति और सत्संग को अपनाना आवश्यक है। आप इस विषय पर अधिक जानकारी और ज्ञानवर्धक लेख सनातन धर्म के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

# डीएपी खाद की कमी व फसल भुगतान न होने पर सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,दमोह।** जिले में डीएपी खाद की कमी और गेहूं, चना, मसूर के भुगतान न होने को लेकर किसान नेता एड. हरिश्चंद्र पटेल ने दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी व कलेक्टर को पत्र सौंपा.एड. पटेल ने बताया कि जिले के कई किसानों ने उन्हें अवगत कराया है कि किसी भी सहकारी समिति व डबल लॉक में डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है. एनपीके भी नहीं मिल रही.जो खाद उपलब्ध है, उसकी गुणवत्ता सही न होने से किसान लेने से इनकार कर रहे हैं.साथ ही गेहूं, चना, मसूर




उपार्जन का भुगतान भी अब तक नहीं हुआ है.इस पर सांसद राहुल सिंह लोधी व कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि किसानों को जल्द ही फसल का भुगतान कराया जाएगा.डीएपी खाद उपलब्ध कराने के लिए सरकार को मांग पत्र भेजे जा रहे हैं.शीघ्र ही डीएपी का रैक दमोह में लगेगा.पत्र सौंपने के दौरान किसान नेता एड. हरिश्चंद्र पटेल, सदस्य जिला विकास सलाहकार समिति म.प्र. शासन दमोह मौजूद रहे.

# बटियागढ़ पुलिस ने फरार शराब तस्करों को किया गिरफ्तार

**1050 पाव शराब सहित बलेनो कार जब्त,दो आरोपी कोर्ट में पेश**

**नवभारत,दमोह।** थाना बटियागढ़ पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बलेनो कार,1050 पाव देशी लाल मसाला शराब और वनप्लस कंपनी का मोबाइल जब्त किया है.पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के निर्देशन में जिले में अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है.थाना प्रभारी रजनी शुक्ला के नेतृत्व में बटियागढ़ पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम फुटेरा कलां में कार्रवाई की। इस दौरान बलेनो कार क्रमांक एमपी 20 जेडबी 2224 से कुल 1050 पाव देशी लाल मसाला शराब व वनप्लस कंपनी का मोबाइल बरामद हुआ. घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। फरार आरोपियों के विरुद्ध थाना बटियागढ़ में अपराध क्रमांक 156/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस टीम द्वारा हरसंभव प्रयास कर 8 जून 2026 को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को जे.आर. पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक आनंद कुमार, प्रधान आरक्षक विपेश चौबे, प्रधान आरक्षक नीरज कुमार,आरक्षक ओमप्रकाश रैकवार,आरक्षक सोनू कुर्मी, आरक्षक संदीप विश्वकर्मा की सराहनीय भूमिका रही.

हादसा | बांसाकला में हृदयविदारक हादसा

# कुएं से मोटर निकालते समय पिता-पुत्र की मौत

**नवभारत,पथरिया/दमोह.** जिले के पथरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नजदीकी ग्राम बांसाकला में मंगलवार को एक हृदयविदारक हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई. कुएं से मोटर निकालने के दौरान रस्सी टूट जाने से दोनों कुएं में गिर गए.जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल फैल गया.जानकारी के अनुसार ग्राम बांसाकला निवासी रामदयाल ठाकुर (55 वर्ष) व उनके पुत्र संजय ठाकुर (35 वर्ष) खेत में स्थित कुएं से मोटर निकालने का कार्य कर रहे थे.इसी दौरान मोटर को ऊपर खींचने वाली रस्सी अचानक टूट गई.रस्सी टूटते ही दोनों संतुलन खो बैठे और सीधे सूखे कुएं में जा गिरे.घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए. सूचना पर पथरिया थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की सहायता से दोनों को कुएं से बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी.बताया गया है कि मृतक संजय ठाकुर पथरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे.उनकी असामयिक मृत्यु से स्वास्थ्य विभाग सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है.



पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई की गई व दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया.प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण रस्सी का टूटना बताया जा रहा है पुलिस मामले की जांच कर रही है.पोस्टमार्टम के उपरांत दोनों शवो को परिजनों को सौंपा गया व करीब 5 बजे उन्हीं के खेत में अंतिम संस्कार किया गया.उक्त दर्दनाक घटना के बाद ग्राम बांसाकला सहित क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है.परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तथा पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है.



## कलेक्टर ने वृद्धाश्रम में मनाया बिटिया का जन्मदिन, बुजुर्गों का जीता दिल

### तीन वृद्धजनों को सौंपे पेंशन स्वीकृति आदेश

**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने अपने बिटिया का जन्मदिन वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के बीच मनाकर संवेदनशील प्रशासन की मिसाल पेश की। इस दौरान उन्होंने वृद्धजनों के साथ समय बिताया,उनका हालचाल जाना और आत्मीयता से कहा, आप चिंता न करें, जिले का कलेक्टर ही आपका बेटा है। उनकी यह भावनात्मक बात सुनकर वृद्धजनों के चेहरे खिल उठे और पूरे वृद्धाश्रम का वातावरण भावुक हो गया।बुजुर्गों ने कलेक्टर की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया।इस अवसर पर कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि माता-पिता और वृद्धजन देवताओं के समान होते हैं तथा वे समाज की सबसे बड़ी धरोहर हैं।